प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित परिवारों को पांच हज़ार रूपए मासिक किराया देने का किया ऐलान।
- प्राकृतिक आपदा से प्रदेश में अब तक सात सौ करोड़ रूपए के नुकसान का अनुमान–केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल को हर संभव मदद का दिलाया भरोसा।
- मंडी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य जारी– सराज क्षेत्र के पियाला डिजी गांव से 65 लोगों को किया रेसक्यू।
- मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार–पांच दिन मॉनसून के और अधिक सक्रिय रहने की जताई संभावना।

मुख्यमंत्री

प्रदेश में इस बार मॉनसून ने भारी तबाही मचाई है और प्राकृतिक आपदा से राज्य को करोड़ों रूपए का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के आपदा प्रभावितों को रहने के लिए 5 हजार रुपये मासिक किराया देने का एलान किया है। आज शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ये जानकारी दी। ———बाईट–मुख्यमंत्री–ऑन रेंट——

*जो रिलीफ कैंप्स में हमारे लोग रह रहे हैं, जहां हमने रिलीफ सेंटर्स बनाए हैं, उन परिवारों को अगर गांव में किराए का मकान मिलता है तो उन्हें ₹5000 कराया हिमाचल प्रदेश की सरकार पर मंथ उपलब्ध करवाएगी और खाने पीने के राशन के लिए भी सुविधा उपलब्ध करवाएगी.*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस मॉनसून की भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से राज्य में अब तक 7 सौ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

——बाईट–मुख्यमंत्री –नुकसान–

*जो अब से बरसात शुरू हुई है, तकरीबन ₹700 करोड़ का नुकसान हो चुका है, सबसे ज्यादा नुकसान जो हुआ है वह सड़कों के रूप में हुआ है, पीने की पानी की योजनाओं के रूप में हुआ है, बिजली के पावर प्रोजेक्ट्स में हुआ है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को लेकर उन्होंने आज गृहमंत्री अमित शाह से भी बात की है जिस पर उन्होंने हिमाचल को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

——बाईट–सीएम–ऑन गृहमंत्री——

*देश के गृह मंत्री जी से भी बात हुई और उन्होंने हमें पूरी आश्वासन दिया है और माननीय श्री अमित शाह जी ने कहा कि हम आपको पूरी सहायता उपलब्ध करवाएंगे वह आज केंद्रीय टीम भी नुकसान का जायजा लेने के लिए आ रही है लेकिन यह मानना कि पिछले 14–15 दिनों में तकरीबन यहां अभी 14 जगह हमारा क्लाउड बस्ट हुए हैं और अभी तक यह हम अध्ययन कर रहे हैं कि इतने ज्यादा क्लाउड बस्ट क्यों हो रहे हैं कैसे हो रहे हैं यह बात मैंने माननीय गृह मंत्री जी के ध्यान में भी लाई।*

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में एनएचएआई द्वारा निर्माणाधीन सड़क परियोजनाओं में स्थानीय ठेकेदारों को कटिंग का कार्य देने की वकालत की।

बैठक में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावितों के लिए केंद्र से अतिरिक्त सहायता देने की अपील की है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय शहरी विकास व ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से दूरभाष के माध्यम से ताजा हालात की जानकारी साझा करते हुए ये मांग उठाई है। जयराम ठाकुर ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने केंद्र की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सराज क्षेत्र में प्राकृतिक आपदा से पांच सौ से ज्यादा मकान बाढ़ में बह गए हैं और 30 के करीब लोग अभी लापता है। जयराम ठाकुर ने आज भी कई आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत व बचाव कार्यों का जायजा लिया।

एचआरटीसी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एचआरटीसी को प्रदेश में ग्रीन हाईड्रोजन बसों के संचालन की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए हैं। आज शिमला में पथ परिवहन निगम की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक दो सौ 97 इलैक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी जबकि 30 और ऐसी ही बसों की खरीद प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

नड्डा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल और शांता कुमार से मुलाकात की। इससे पहले जे.पी.नडडा ने बिलासपुर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भी बातचीत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का ये महत्वपूर्ण कदम भाजपा के संगठन को नई उंचाईयों पर पहुंचाने के लिए लॉन्च पेड माना जा रहा है। प्रदेश में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष की मुलाकात वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को साधने की तैयारी के रूप में भी देखी जा रही है। इस अवसर पर तीसरी बार प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष बने राजीव बिंदल सहित विधायक त्रिलोक जमवाल, और आशीष शर्मा भी मौजूद रहे।

राहत बचाव

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम आज थमा रहा जिससे पिछले दिनों भारी बरसात से प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य में तेजी आई है। भारी बारिश, बादल फटने व भूस्खलन के कारण प्रभावित मंडी जिला के थुनाग, धर्मपुर और जंजैहली में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों द्वारा राहत व पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। उपायुक्त व जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने बताया कि बाढ़ व बादल फटने से प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के अतिदुर्गम गांव पियाला डिजी से एनडीआरएफ की टीम ने 65 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। उन्होंने बताया कि उफनते नदी नालों को पार कर स्वयं सेवियों, स्थानीय लोगों व विभागीय कर्मचारियों और संबंधित एजेंसियों द्वारा राहत शिविरों सहित अन्य स्थानों पर ठहराए गए प्रभावित लोगों तक भोजन, दवाईयों सहित आवश्यक वस्तुएं पहुंचाई जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि चच्योट उपमंडल के पंगलियूर गांव में आज स्कोली खड्ड में ड्रोन की सहायता से बाढ़ में लापता लोगों की तलाश की गई। हालांकि, इस खोज अभियान में फिलहाल कोई सफलता नहीं मिल पाई है। यह अभियान कल भी जारी रहेगा। गौरतलब है कि भारी बारिश से आई प्राकृतिक आपदा में अभी तक 69 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है और एक सौ 10 घायल है जबकि 37 अभी भी लापता है।

मौसम

प्रदेश में अगले चार—पांच दिन मॉनसून और अधिक सक्रिय रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पांच से 9 जुलाई तक मॉनसून के सक्रिय रहने से प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा है कि 6 व 7 जुलाई को कांगड़ा, सिरमौर और मण्डी जिलों में अधिक बारिश के चलते बादल फटने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हो सकती है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

—बाईट—संदीप कुमार—वैज्ञानिक—

हिमकेयर

राज्य सरकार ने हिमकेयर योजना के तहत प्रत्येक वर्ष तिमाही आधार पर कार्ड बनाने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत इस माह से पंजीकरण के लिए पोर्टल खुला है। प्रवक्ता ने बताया कि इन कार्डों की वैद्यता एक वर्ष होगी और आवेदन के लिए ये पोर्टल हर तीन महीने बाद खोला जाएगा। हालांकि हिमकेयर कार्ड धारक पूरे वर्ष में कभी भी नवीनिकरण करवा सकते है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि रोगी कल्याण समितियां रोगियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए अहम भूमिका निभा रही है। वे आज कंडाघाट में नागरिक अस्पताल चायल व कंडाघाट और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायरी की रोगी कल्याण समितियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शांडिल ने सभी रोगी कल्याण समितियों को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध कार्य करने को कहा। बाद में उन्होंने कंडाघाट में निर्माणाधीन नागरिक अस्पताल का निरीक्षण भी किया।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आपदा प्रभावित परिवारों को पांच हज़ार रूपए मासिक किराया देने का किया ऐलान।
- प्राकृतिक आपदा से प्रदेश में अब तक सात सौ करोड़ रूपए के नुकसान का अनुमान–केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल को हर संभव मदद का दिलाया भरोसा।
- मंडी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य जारी– सराज क्षेत्र के पियाला डिजी गांव से 65 लोगों को किया रेसक्यू।

- मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले चार–पांच दिन मॉनसून के और अधिक सक्रिय रहने की जताई संभावना।